कोविड-19 वैक्सीन तथ्य पत्र

कोविड-19 (COVID-19) वैक्सीन: पांच बातें, जो आपको जानने की जरूरत है

ओनटैरियो का वैक्सीनेशन रोलआउट अच्छी तरह से चल रहा है। आप वैक्सीन लगवाकर, खुद को, अपने प्रियजनों को और अपने समुदाय को सुरक्षित कर सकते हैं। नीचे, कोविड-19 वैक्सीन के बारे में और जानकारी दी गई है।

---

1. **इन वैक्सीन को विकसित करने के लिए कोई पड़ाव नहीं छोड़े गए थे।** हालांकि कोविड-19 वैक्सीन जल्दी से उपलब्ध करवाई गई हैं, फिर भी उन्हें mRNA रिसर्च और 1990 के शुरू के वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोग की जाने वाली टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए विकसित किया गया था। यह रिसर्च अच्छी तरह विकसित है और टेक्नोलॉजी को प्रभावी ढंग से प्रयोग किया गया है और यह सुरक्षित तथा भरोसमंद सिद्ध हुई है।

2. **कोविड-19 वैक्सीन से आपको कोविड-19 नहीं होगा।** अन्य वैक्सीन की तरह ही, कोविड-19 वैक्सीनों में वायरस नहीं है। इसकी बजाय, इस तरह की वैक्सीन हमारी कोशिकाओं को सिखाती हैं कि ऐसा प्रोटीन कैसे बनाना है, जो इम्यून प्रतिक्रिया को बढ़ाए और एंटीबॉडीज पैदा करे।

3. **हेल्थ कैनेडा (Health Canada) द्वारा वैक्सीन की समीक्षा करके, इन्हें मंज़ूरी दी गई है।** कैनेडा में प्रयोग किए जाने के लिए, वैक्सीन सहित सभी दवाईयों का, सुरक्षा, प्रभाविकता और गुणवता के लिए, रेग्युलेटरी शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। आमतौर पर यह समीक्षा प्रक्रिया लंबा समय लेती है क्योंकि नई दवाईयों और वैक्सीन को सूची के नीचे शामिल किया जाता है और इनके लिए समीक्षा के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करना आवश्यक है। हालांकि, ये वैक्सीन बहुत महत्वपूर्ण हैं, ये आम के मुकाबले काफी जल्दी प्रक्रिया करने देते हुए, सबसे आगे गई हैं।

4. **दो खुराकें अधिक मज़बूत इम्यूनिटी प्रदान करती हैं।** वैक्सीन सीरीज को पूरा करने के लिए वैक्सीन की दोनों खुराकें लेना महत्वपूर्ण है। पहली खुराक द्वारा पेश की गई सुरक्षा, इम्यूनिटी बनाने में आपके शरीर की मदद करती है और दूसरी खुराक आपकी इम्यूनिटी बढ़ाती है। उदाहरण के लिए, Pfizer-BioNTech और Moderna वैक्सीन, दो खुराकों के बाद 94-95% प्रभावी हैं।

5. **जब बड़े प्रतिशत में आबादी कोविड-19 से इम्यून हो जाएगी, तो वायरस का फैलना कम हो जाएगा या रुक जाएगा।** आप कोविड-19 वैक्सीन लगवाकर, खुद तको, अपने प्रियजनों को और अपने समुदाय को सुरक्षित कर सकते हैं।

वैक्सीन के बारे में और ओनटैरियो की वितरित योजना के बारे में ताज़ा जानकारी के लिए नियमित रूप से Ontario.ca/covidvaccine देखें।

Ontario